संख्या-1330/44-1-2010-77/2009

प्रेषक,

हरिराज किशोर,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त सार्वजनिक उपक्रमों/ निगमों के प्रशासनिक
विभागों के प्रमुख सचिव/ सचिव ।

सार्वजनिक उद्यम अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 31 जनवरी, 2011

विषय :- सार्वजनिक उपक्रमों/ निगमों में अपुनरीक्षित वेतनमान रु0 7450-11,500 के सादृश्य पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड-2 रु0 9300-34800 एवं ग्रेड वेतन रु0 4600 में पुनरीक्षित किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय विभागों के कार्मिकों को पुनरीक्षित वेतन संरचना का लाभ अनुमन्य कराये जाने विषयक निर्गत शासनादेश संख्या-वे0आ0-2-1314/ दस-59 (एम)/2008, दिनांक 08 दिसम्बर,2008 के साथ संलग्न तालिका में अपुनरीक्षित वेतनमान रु0 7450-11500 के समक्ष पुनरीक्षित वेतन संरचना में सादृश्य वेतन बैण्ड-2 रु0 9300-34800 एवं ग्रेड वेतन रु0 4600 उल्लिखित होने के दृष्टिगत सार्वजनिक उद्यम अनुभाग-1 के उक्त विषयक शासनादेश संख्या-1105/44-1-2009-77/2009, दिनांक 16 अक्टूबर, 2009 के साथ संलग्न तालिका में अपुनरीक्षित वेतनमान रु0 7450-11500 के समक्ष पुनरीक्षित वेतन संरचना में सादृश्य वेतन बैण्ड-2 रु0 9300-34800 एवं ग्रेड वेतन रु0 4600 का उल्लेख /समावेश किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है ।

2. उपर्युक्त शासनादेश संख्या-1105/44-1-2009-77/2009, दिनांक 16 अक्टूबर, 2009 इस सीमा तक संशोधित समझा जायेगा और शासनादेश की शेष शर्तें यथावत लागू रहेंगी ।

3. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या- वे0आ0-2- 67 /दस-2011, दिनांक 14 जनवरी,2010 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है ।

भवदीय,

(हरिराज किशोर)
प्रमुख सचिव ।

पृ0सं0- 1330 (1)/44-1-2010-77/2009 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. सार्वजनिक उपक्रमों/ निगमों के प्रबन्ध निदेशक / मुख्य कार्यकारी अधिकारी ।
2. निदेशक,सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो,जवाहर भवन,लखनऊ ।
3. सार्वजनिक उद्यम अनुभाग-2/आडिट प्रकोष्ठ वाणिज्यिक, जवाहर भवन, लखनऊ ।
4. संयुक्त निदेशक,सार्वजनिक उधम व्यूरो को वेब साइट पर डालने हेतु/प्रबन्ध पत्रिका के प्रकाशनार्थ।
5. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) द्वितीय, उ0प्र0,लखनऊ।
6. निदेशक,सूचना एवं जनसम्पर्क ,उ0प्र0,लखनऊ।
7. गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,

(सी0पी0 सिंह)
उप सचिव।